हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

RERA No.: PCGRERA040925001965

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

A Project by:

Swarna Shikhar
3BHK SPLENDID APARTMENTS

घर का सपना सच करें

द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस

आपका इंतजार कर रहा है



ऊंचाई सिर्फ इमारत की नहीं होती
ऊंचाई तो उन सपनों की होती है
जो परिवार के साथ पूरे होते है

स्वर्ण शिखर

साईट एड्रेस
डीएलएस कॉलेज रोड, अशोक नगर,
सरकंडा बिलासपुर











Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

Red. Office: Behind High Court,
Chhatalund Road, Bilaspur (C.G.)

Contact for Site Visit & Booking:
6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

MODERN LIFESTYLE | PRIME LOCATION | TRUSTED DEVELOPER

खबर संक्षेप



बच्चों को कराया न्योता भोज, गर्भवती माताओं को बांटी पौष्टिक आहार किट

मड़वारानी। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम पंचायत सुपतराई में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना करतला के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को न्योता भोज कराया गया। वहीं गर्भवती माताओं को पौष्टिक आहार किट वितरित कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में भी उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिन बहनों के योगदान को सराहते हुए उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कहा गया कि स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चे ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं। इसी उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में श्रीमती सावित्री अजय कंवर जिला पंचायत सदस्य ग्राम पंचायत सुपतराई के सरपंच श्री ज्ञान सिंह कंवर, उपसरपंच श्री फोटो गिरी गोस्वामी, पंचायत सचिव श्री दशरथ मार्को, गोविंद मैत्री, तुमान क्लस्टर प्रभारी श्रीमती रूपा रोजनी बारिया, सुश्री नीतू कंवर, श्रीमती अंजू कंवर, श्रीमती गायत्री कंवर, श्रीमती रामकुमार, श्रीमती रमेशबाई सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं, मितानिन बहनें एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बेलाकछार आंगनवाड़ी में गोदभराई अन्नप्राशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

कोरबा। बेलाकछार आंगनवाड़ी में आंगन मिलन कार्यक्रम सहित गोदभराई अन्नप्राशन न्योता भोज भी किया गया। महिला बाल विकास विभाग की सेंटर सुपरवाइजर गायत्री निर्मलकर, ग्राम बेलाकछार में सेवा संकल्प अभियान के तहत महिलाएं एवं बाल विकास विभाग ने आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम किया यह योजना परिजनों अधिकारी रागिनी प्रधान के मार्गदर्शन और सेक्टर सुपरवाइजर गायत्री निर्मलकर उपस्थिति में हुआ। महिलाओं व बच्चों के स्वस्थ पोषण स्वच्छता और देखभाल पर जानकारी दी बच्चों का स्वास्थ्य जांच कर माता को पोषण वह स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने को प्रेरित किया गया। उप सरपंच प्रमिला पटेल, वार्ड पंच लक्ष्मण महंत,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरोज, पोते,श्रद्धा साहू, संतोषी मानिकपुरी, कृष्णा बाई, लक्ष्मीन देवांगन, करुणा लता, सहायिका शिव कुमारी जांगड़े, रेवती देवांगन, मितानिन, सावित्री महंत, पार्वती यादव, सक्रिय महिला, धनु लता, कुंती दुबे उपस्थित थे।

मिनीमाता विद्यालय बालको के फुटबॉल में आकाश व अर्श का हुआ चयन



कोरबा। लोक शिक्षण संचालनालय अटल नगर नवा रायपुर के आदेशानुसार होने वाली राज्य स्तरीय स्कूल शिक्षा विभाग सारंगढ़ के लिए मिनी माता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालको नगर के आकाश यादव अर्श हुसैन कक्षा 8वीं व 7वी का छात्र फुटबॉल मीनी वर्ग में चयन हुआ है इस चयन से ऊर्जा नगरी कोरबा के फुटबॉल के खिलाड़ियों में उत्साह है। इस चयन पर पर जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय जिला खेल अधिकारी दीनू पटेल, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी जे के गवेल, पूर्व क्रीड़ा अधिकारी के आर टंडन, रामकृपाल साहू सहा. खेल अधिकारी , जितेन्द्र साहु विकास खंड शिक्षा अधिकारी कोरबा, भुजेंद्र सिंह प्राचार्य मिनी माता विद्यालय बालको, कृष्णा गढ़वाल (वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक), देवेन्द्र महतो जिलाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ कोरबा सनत कालेलकर सचिव, गोपाल दास महंत कोच फुटबॉल बालको नगर, गिरीश शर्मा सचिव कल्याण शिक्षण समिति केशव कुर्रे कोषाध्यक्ष, पांचों विकास खंड क्रीड़ा प्रभारीयों एवं विद्यालय के शिक्षकों ने इस राज्य स्तरीय स्कूल खेल में चयन एवं सारंगढ़ के लिए रवाना होने पर राजेंद्र यादव व रागनी यादव व जाबिर हुसैन व शबनम परवीन हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं उज्वल भविष्य की कामना की है।

पृष्ठ 3 का शेष

जिले सहित पूरे...

और अक्टूबर के पहले सप्ताह तक आपूर्ति होने की उम्मीद है। टिकटों की अनुपलब्धता का असर लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आने वाली सेवाओं पर भी पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा समय-सीमा में सेवाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था है, लेकिन आवश्यक टिकट उपलब्ध नहीं होने के कारण संबंधित प्रक्रियाओं में व्यावहारिक कठिनाई सामने आ रही है। फिलहाल वेंडर, पक्षकार और अधिवक्ता टिकटों की आपूर्ति बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं।

सिंघिया में आयोजित किया गया शिविर

सेवा सेतु शिविर में मिले 436 आवेदन, 92 का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम सिंघिया स्थित हाई स्कूल मैदान में आज विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों से कुल 436 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 92 का निराकरण किया गया। शेष 344 आवेदन संबंधित विभागों को आगे की कार्रवाई के लिए भेजे गए।

शिविर का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड़, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रताप मरावी, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण मरकाम, जनपद सदस्य श्रीमती सरस्वती जायसवाल, चतुर भुवन नायक एवं कन्हैया चौहान तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज कुमार बंजारे की उपस्थिति में हुआ। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी खगेश निर्मलकर ने शिविर के उद्देश्यों की जानकारी दी।

उन्होंने ग्रामीणों से विभागीय स्टॉलों पर अधिकारियों को अपनी मांग और समस्याओं से संबंधित आवेदन देने तथा योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। अतिथियों ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी तथा जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र प्रदान किए। राजस्व संबंधी प्रकरणों पर भी कार्रवाई की गई। कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, वन और खाद्य विभाग के स्टॉलों पर ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।



शिविर में शामिल जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी व ग्रामीण।

कचरबाई और सदानंद को मिली प्रधानमंत्री आवास की चाबी

शिविर में ग्राम लखनपुर निवासी सदानंद, पिता बलभद्र प्रसाद, और कचरबाई, पति तीज राम, को प्रधानमंत्री आवास की चाबी प्रदान की गई। पक्के घर की चाबी पाकर दोनों हितग्राहियों ने खुशी जताई। सदानंद और कचरबाई ने बताया कि वे वर्षों से कच्चे मकान में रह रही थीं। बारिश के दिनों में खपरैल की छत से पानी टपकता था, जिससे घर में रहना मुश्किल हो जाता था। अन्य मौसम में भी उन्हें परेशानी होती थी। अब पक्का आवास मिलने से उन्हें इन समस्याओं से राहत मिलेगी। शिविर में बिसाहू सिंह सहित अन्य को पेंशन स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। हितग्राहियों ने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु शिविर में पीएम आवास की चाबी मिलने से खुशी जताते हुए कहा कि आने वाले समय मे अब पक्के मकान में खुशियां भी पक्की होगी।

तीन दिन से अंधेरे में चोहराभांठा, बिजली विभाग की उदासीनता से ग्रामीण परेशान



खास बातें

- शिकायत के बावजूद मौके पर नहीं पहुंचे अधिकारी कर्मचारी, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

ग्राम पंचायत फतेहगंज के चोहराभांठा में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बंद होने के कारण ग्रामीणों के दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, वहीं रात के समय लोगों को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार चोहरा भांठा तुमान फीडर के अंतर्गत आता है। बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद ग्रामीणों ने इसकी जानकारी बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को दी। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है और न ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने पहुंचा है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार तीन दिनों से बिजली नहीं होने के कारण पेयजल व्यवस्था, घरेलू कार्य सहित अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं।

गिलास गिराओ, कुर्सी दौड़, तकिया फेंको और लंगड़ी रेस में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर



प्रतियोगिताओं में भाग लेते अग्रवाल समाज के प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में कटघोरा में अग्रवाल समाज द्वारा लगातार विभिन्न मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन के प्रांगण में चार प्रमुख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें गिलास गिराओ, कुर्सी दौड़, तकिया फेंको एवं लंगड़ी रेस शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे उत्साह के साथ आयोजन का आनंद उठाया।

अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज में आपसी मेलजोल, एकता, भाईचारे और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा दिया जा रहा है। अग्रसेन भवन का प्रांगण प्रतिभागियों के उत्साह, दर्शकों की तालियों और हंसी-खुशी के माहौल से गूंजता रहा। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा, एकाग्रता, फुर्ती और सूझबूझ का परिचय देते हुए जीत के लिए प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता में श्रीमती एकता सिंघल पति विकास अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि श्रीमती भावना अग्रवाल पति सोनू अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। तकिया फेंको प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी क्षमता और कौशल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कु तनुष्का अग्रवाल पिता जितेंद्र अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि भूमिजा अग्रवाल पिता आशीष अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के बीच दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। दर्शकों ने भी प्रतियोगिता का भरपूर आनंद लिया। लंगड़ी रेस प्रतियोगिता ने भी आयोजन में विशेष आकर्षण जोड़ा। इसमें प्रतिभागियों ने संतुलन, फुर्ती और एकाग्रता का परिचय दिया। रोचक मुकाबले के बाद लव अग्रवाल पिता विजय अग्रवाल ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि श्रीमती मुस्कान अग्रवाल पति हनी अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं।

अग्रवाल सभा के सांस्कृतिक आयोजन में आंगना मांडना प्रतियोगिता ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा ऑगन मॉडना प्रतियोगिता व खोडिया एवं अग्रसेन नवयुवक मंच के द्वारा नटखट बल्लेबाजी का अयोजन किया गया।

आंगना मांडना' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को गेरू एवं चूने के प्राकृतिक रंगों से आंगन में पारंपरिक मांडना की आकर्षक कलाकृतियां बनानी होंगी। आंगना मांडना भारतीय संस्कृति और लोकपरंपरा का अभिन्न हिस्सा है। घर के आंगन में सुंदर आकृतियां बनाना शुभता, समृद्धि एवं मंगलकामना का प्रतीक माना जाता है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से पारंपरिक कला, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रतिभागी अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक कौशल एवं पारंपरिक डिजाइन के माध्यम से आकर्षक मांडना तैयार करेंगे। गेरू और चूने के रंगों से सजी ये कलाकृतियां भारतीय लोकसंस्कृति की सुंदरता और परंपराओं को जीवंत रूप प्रदान करेंगी। सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने तथा समाज में आपसी प्रेम, एकता और उत्साह को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोड़यिा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खोड़यिा पारंपरिक लोकसंस्कृति से जुड़ी एक अनूठी परंपरा है, जिसमें हास्य-विनोद, गीत-संगीत और मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन की झलक देखने को मिलती है। इस प्रतियोगिता के जरिए प्रतिभागियों को अपनी कला, रचनात्मकता और प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया।



प्रतिभागी महिलाएं।

गरीबों के आशियाने और रोज़गार की कीमत पर नहीं होगा विकास : जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



प्रभावितों से मिलते पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल व अन्य।

बजरंग चौक–परसाभाठा मार्ग के प्रस्तावित फोरलेन को लेकर स्थानीय दुकानदारों और रहवासियों की समस्याओं के बीच पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने गुरुवार को परसाभाठा क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। बाजार चौक में नागरिकों एवं छोटे दुकानदारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास की कीमत गरीबों के घर और उनकी रोजी-रोटी नहीं हो सकती।

जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि परसाभाठा के अनेक छोटे दुकानदार वर्षों से अपनी छोटी-छोटी दुकानों के माध्यम से परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। इन दुकानों को हटाने का अर्थ केवल एक दुकान हटाना नहीं, बल्कि एक परिवार की आय का साधन छीनना है। इसलिए सड़क निर्माण की योजना बनाते समय प्रभावित परिवारों के हितों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बालको फोरलेन बनाए या जरूरत हो तो सिक्सलेन बनाए, उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन सड़क निर्माण के लिए छोटे दुकानदारों को उजाड़ना स्वीकार्य नहीं होगा। यदि अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है तो केवल गरीबों की दुकानों और मकानों को हटाना ही विकल्प नहीं हो सकता। पूर्व मंत्री ने कहा कि उनके अनुसार बालको प्रबंधन संयंत्र विस्तार, एश डाइक सहित अन्य क्षेत्रों में शासकीय भूमि का उपयोग कर रहा है। ऐसे में सड़क के लिए यदि कुछ मीटर अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है तो बालको अपनी बाउंड्री प्लांट की ओर पीछे कर सड़क के लिए आवश्यक जगह उपलब्ध कराने की पहल करे। इससे सड़क का विकास भी होगा और छोटे दुकानदारों की आजीविका भी सुरक्षित रह सकती है। उन्होंने बालको प्रबंधन से स्थानीय लोगों के साथ संवाद स्थापित करने की मांग करते हुए कहा कि उद्योग की सामाजिक जिम्मेदारी केवल उत्पादन तक सीमित नहीं हो सकती। स्थानीय को रोजगार, कर्मचारियों के लिए बेहतर सुविधाएं, कार्यस्थल पर सुरक्षा तथा प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। जयसिंह अग्रवाल ने प्रशासन से आग्रह किया कि स्थानीय लोगों की आपत्तियों एवं सुझावों को सुनकर बालको प्रबंधन के साथ समन्वय किया जाए और सड़क की डिजाइन एवं भूमि सीमा का पुनः परीक्षण कर व्यावहारिक समाधान निकाला जाए। उन्होंने कहा सड़क बनाइए, विकास कीजिए, जरूरत हो तो सिक्सलेन बनाइए, लेकिन उन गरीब दुकानदारों को उजाड़कर नहीं, जिनकी छोटी-सी दुकान ही उनके परिवार की रोजी-रोटी का एकमात्र सहारा है।

शिव मंदिर में गौ सम्मान अभियान की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

शिव मंदिर परिसर में गौ सम्मान अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई, जो विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ संपन्न हुई। बैठक में गौसेवा, गोवंश संरक्षण एवं समाज में गौवंश के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं गौसेवकों ने अभियान को केवल एक स्थान तक सीमित न रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुंचाने और वहां भी गौ सम्मान अभियान आयोजित करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में गौसेवा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। गौवंश के लिए चारा-पानी, संरक्षण तथा सेवा से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। इसी कड़ी में 17 दिसंबर को राजधानी रायपुर जाकर गौ सेवा अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित स्तर पर निवेदन एवं सहयोग की अपील करने की बात कही गई। अभियान से जुड़े लोगों ने कहा कि गौसेवा और संरक्षण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने आपसी सहयोग और समन्वय के साथ अभियान को आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायत में अभियान को लेकर बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया गया। अंत में सभी उपस्थित गौसेवकों, सदस्यों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। बैठक का समापन गौसेवा एवं गोवंश संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

हसदेव बांयी तट नहर के क्षतिग्रस्त पैनल की होगी पुनः मरम्मत, गुणवत्ता की भी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुनालिया पुल से आगे जर्जर नहर की मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता, हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग रामपुर/कोरबा द्वारा स्थिति स्पष्ट की गई है। विभाग द्वारा बताया गया कि हसदेव बांयी तट नहर आर.डी. 4.45 कि.मी. से 9.65 कि.मी. तक नहर के मरम्मत, जीर्णोद्धार एवं आधुनिकीकरण का कार्य अनुबंध के माध्यम से मेसर्स विष्णु प्रसाद अग्रवाल, बिलासपुर को आबंटित है। इसके अंतर्गत आर.डी. 5700 मीटर के बांयी तरफ नहर का पैनल क्षतिग्रस्त हुआ है।

विभाग के अनुसार नहर में सी.सी. लाइनिंग का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया गया है। जिस स्थान पर पैनल क्षतिग्रस्त हुआ है, वहां नहर गहरी कटाई में है। भारी वर्षा के कारण पानी सी.सी. लाइनिंग के कोपिंग से पैनल के अंदर चला गया, जिससे पैनल क्षतिग्रस्त हुआ है। नहर का मरम्मत कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। वर्षा के कारण जिन स्थानों पर स्लैब टूटे हैं, उन्हें तोड़कर पुनः निर्माण कराने के लिए ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। साथ ही कार्य की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। विभाग द्वारा यह भी बताया गया कि सुनालिया पुल से आगे की जर्जर नहर के मरम्मत कार्य के लिए चार बार निविदा आमंत्रित की गई थी। पात्र निविदाकार नहीं आने के कारण निविदा निरस्त हुई। अब कार्य को दो भागों में विभाजित कर पुनः निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जा रही है।

न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं विवाह अधिकारी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)

ईश्तहार

क्र./10784/ वाचक / विवाह अधि. कोरबा/ 2025-26 कोरबा, दिनांक 10/09/2026
प्र.क-202609052900003/22/ब-121/25-26
साकिन-वार्ड नं.-04, धोबी मोहल्ला,कोरबा तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.)

आवेदिका (वधु) बिन्नी निर्मलकर, उम्र 30 वर्ष, अविवाहित, पिता-श्री संजय निर्मलकर, जाति-धोबी, (वर्ग-अन्य पिछड़ा वर्ग) धर्म-हिन्दु, निवासी साकिन-वार्ड नं. 04, धोबी मोहल्ला, थाना-सिटी कोतवाली, कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) पिन-495677 एवं आवेदक (वर) दूधनाथ बघेल, उम्र 29 वर्ष, अविवाहित, पिता-श्री चविलाल बघेल, जाति-धोबी, (वर्ग-अन्य पिछड़ा वर्ग) धर्म-हिन्दु, निवासी-साकिन मकान नं.-142, चिपरिकोना, थाना/चौकी-भंवरपुर, जिला-महासमुंद (छ.ग.) पिन-493558 द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति/ दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 09/10/2026 को 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति / दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा आदि पर कोई सुनवाई/विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

विवाह अधिकारी
जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार भैसमा, जिला कोरबा (छ०ग०)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. .....
अ-6-अ वर्ष 2025-26
ग्राम-गिरारी प.ह.नं. 20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवन पिता गुल्ला जाति उरांव निवसी ग्राम गिरारी तहसील भैसमा जिला कोरबा (छ०ग०) द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम गिरारी प०ह०नं० 20 रा०नि० सं० बरपाली (जिल्गा) तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ०ग०) में स्थित भूमि खसरा नं0 252/2 रकबा 2.00 एकड़ भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा उक्त वर्णित भूमि खसरा नं. 252/2 रकबा 2.00 एकड़ को रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 05.07.2002 को खरीदा था, जिसके पश्चात वादभूमि का नामांतरण क्र0 04 दिनांक 07.07.2002 वर्ष 2001-02 में किया गया तथा नामांतरण पश्चात आवेदक के नाम पर दर्ज हुआ तब से आवेदक उपरोक्त वर्णित भूमि पर काबिज कास्त है। उक्त वर्णित भूमि बी-1 वर्ष 2020-21 में अनावेदिका मंगलाई बेवा मंगलू जाति मंझवार निवासी गिरारी तहसील भैसमा जिला-कोरबा (छ०ग०) का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर राजस्व अभिलेख ऑनलाईन बी-1, पी-11 में अपना नाम दर्ज करने बाबत आवेदन पत्र मय दस्तावेज सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रकरण में नियत आगामी सुनवाई तिथि 12/10/2026 तक स्वयं या अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
भैसमा, जिला कोरबा (छ.ग.)

कोरबा मार्केट







तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बारिश से खराब हुई पीडब्ल्यूडी और पीएम योजना की सड़कें



खबर संक्षेप

दीपका एवं छुरी कला में विशेष शिविर आज

कोरबा। राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों तक विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में 1 अक्टूबर से विशेष शिविर आयोजित किए जा रहें। इसी कड़ी में 2 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद दीपका कार्यालय एवं नगर पंचायत छुरीकला अंतर्गत बस स्टैंड छुरी के समीप शिविर आयोजित किए जाएंगे।

युवा रत्न सम्मान योजना अंतर्गत युवाओं से आवेदन आमंत्रित

कोरबा। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षणिक, खेल तथा अन्य विविध क्षेत्रों में किये गये उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें राज्य स्तर पर मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना संचालित किया जा रहा है। योजना अंतर्गत 1 स्वैच्छिक संगठन तथा 14 विभिन्न क्षेत्रों में 1-1 उत्कृष्ट युवा को सम्मानित किया जायेगा, जिसमें स्वैच्छिक संगठन को पदक,शाल,प्रशस्ति प्रमाण एवं सम्मान स्वरुप पांच लाख रुपये तथा छत्तीसगढ़ युवा रत्न से सम्मानित युवा को दो लाख पचास हजार एवं अन्य युवा रत्न सम्मान हेतु चयनित युवा को एक लाख की राशि के साथ पदक,शाल,प्रमाण पत्र प्रदाय किया जायेगा।

जिले सहित प्रदेश के कोषालयों में कोर्ट फीस टिकट खत्म, पक्षकार और वकील परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा जिला सहित पूरे प्रदेश के कोषालयों में कोर्ट फीस और कोर्ट फीस (कॉपिंग) टिकट की उपलब्धता खत्म होने से न्यायालयीन प्रकरणों से जुड़े पक्षकारों और अधिवक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। कोषालयों में 1, 2, 5 और 10 रुपये मूल्य के कोर्ट फीस टिकट उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण न्यायालयों में प्रतिलिपि (नकल) प्राप्त करने, नए आवेदन, केस फाइल, अनुपस्थिति माफी आवेदन, वकालतनामा सहित कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसके अलावा जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र के लिए शपथ पत्र निष्पादन तथा बी-1, खसरा, पांचशाला, मिसल सहित अन्य दस्तावेजों की प्रतिलिपि प्राप्त करने में भी दिक्कत सामने आ रही है।

अलग खबर

कोर्ट फीस और कॉपिंग टिकट की आपूर्ति छत्तीसगढ़ को नासिक स्थित शासकीय प्रिंटिंग प्रेस से होती है। वहां से टिकट नोडल डिपो के माध्यम से जिलों के कोषालयों तक पहुंचाए जाते हैं। बताया जा रहा है कि लंबे समय से नासिक की शासकीय प्रिंटिंग प्रेस से छत्तीसगढ़ के नोडल डिपो को पर्याप्त मात्रा में कोर्ट फीस और कॉपिंग टिकट उपलब्ध नहीं हो पाए हैं। इसके चलते अब जिलों में भी स्टॉक समाप्त हो गया है। जिला कोषालय में टिकटों की कमी को लेकर पहले ही प्रशासन स्तर पर पत्राचार किया जा चुका था। कलेक्टर ने 18 सितंबर को महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छत्तीसगढ़ को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया था। पत्र में बताया गया था कि 18 सितंबर की स्थिति में जिला कोषालय में 1, 2, 5 और 10 रुपये के कोर्ट फीस टिकट निरंक थे, जबकि कॉपिंग टिकट का स्टॉक भी बेहद कम रह गया था। इससे प्रतिलिपि प्रदाय और अत्यावश्यक सेवाओं में परेशानी की स्थिति बन रही थी। जिला कोषालय द्वारा कोर्ट फीस कॉपिंग टिकट के लिए 19.20 लाख रुपये की मांग भी भेजी गई थी। इसके बावजूद मांग के विरुद्ध नोडल डिपो रायपुर से जून और जुलाई में कुल 2.56 लाख रुपये के ही कॉपिंग टिकट प्राप्त हुए। बाद में उपलब्ध स्टॉक भी समाप्ति की स्थिति में पहुंच गया। कोरबा जिला कोषालय अधिकारी निशांत पांडेय ने बताया कि पूरे प्रदेश में कोर्ट फीस और कॉपिंग टिकट की उपलब्धता नहीं है। इस संबंध में मुख्यालय को पत्राचार किया जा चुका है। नासिक स्थित शासकीय प्रिंटिंग प्रेस में टिकटों की छपाई का काम चल रहा है ⏭ शेष पेज 2 पर

नासिक शासकीय प्रिंटिंग प्रेस से आपूर्ति का इंतजार

खास बातें

- राजस्व के कार्यों में उपयोग होती है कोर्ट की टिकट, जिसके अभाव में शपथ पत्र नहीं बन पा रहे हैं



तिलकेजा पीएम आवास मामले में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

4 संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त 6 के खिलाफ हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तिलकेजा में प्रधानमंत्री आवास निर्माण में हुए 46 लाख के गड़बड़ झाला के मामले में जांच टीम की रिपोर्ट के बाद जनपद पंचायत कोरबा में पदस्थ तकनीकी सहायक सहित 4 संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर उनके खिलाफ और पंचायत सचिव के विरुद्ध पुलिस में एफआईआर कराई गई है।

खास बात

- जिला स्तर पर गठित की गई थी जांच टीम

ग्राम पंचायत तिलकेजा में पीएम आवास निर्माण के दौरान मृत हितग्राहियों एवं अपात्रों को पात्र के दायरे में लाकर राशि आहरित किए जाने के मामले की शिकायत होने पर जिला स्तर पर गठित की गई जांच टीम के द्वारा गांव पहुंचकर जब जांच पड़ताल की गई तो शिकायत की पुष्टि हुई। जिसमें मृत हितग्राहियों के नाम से राशि आहरित करने और मापदण्डों के विपरीत जाकर अपात्रों को योजना का लाभ दिलाने का खुलासा हुआ



फाइल फोटो

था। जांच टीम की रिपोर्ट के पश्चात पहली कार्यवाही पंचायत सचिव नमिता दुबे को निलंबित कर दिया गया। जांच में यह पाया गया था कि 66 अपात्रों को जिन्हें बाद में शामिल कर लिया गया। सभी पक्षों के बयान के बाद जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने ग्राम सभा में तैयार पंचनामा और फर्जी तरीके से पोर्टल में नाम दर्ज कराकर लाभ लेने का मामला पाया था। इस पूरे मामले के बाद जनपद पंचायत कोरबा के तकनीकी सहायक अभिषेक चौरसिया, डाटा एंट्री ऑपरेटर धीरज साहू, दो अन्य की सेवाएं समाप्त कर उनके खिलाफ उरगा थाने में एफआईआर कराई गई है। विकास खंड समन्वयक देवेन्द्र श्रीवास, ध्रुव कुमार साहू, धनंजय पटेल, आवास मित्र सावित्री कंवर शामिल हैं। इनके खिलाफ जिला समन्वयक आशीष कुमार ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी हुई है शिकायतें

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लेमरु और डोकरमना क्षेत्र में पीएम जन मन योजना के तहत पिछड़ी संरक्षित जनजाति के लिए बनाए जा रहे आवास निर्माण में भी वित्तीय गड़बड़ियां और काम अधूरा छोड़ने की शिकायतें जनपद पंचायत के सीईओ को क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा की गई थी। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत में तकनीकी सहायक का भी नाम शामिल था।

खेत में रोती मिली नवजात को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, निर्मोही मां की तलाश


अस्पताल में भर्ती नवजात।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जवाली में गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों को एक खेत में नवजात शिशु के रोने की आवाज सुनाई दी। मौके पर जाकर देखने पर एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में रोती मिली।

ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बांकीमोगरा थाना प्रभारी सत्यम साहू को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने बच्ची को अपनी सुरक्षा में लिया और प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने बच्ची की स्थिति को देखते हुए प्राथमिक इलाज किया और बेहतर देखभाल व सघन उपचार के लिए उसे मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार जारी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है।



खबर संक्षेप



सीपेट स्याहीमुड़ी में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोरबा। केंद्र सरकार द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जागरूकता सत्र अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का जागरूकता कार्यक्रम सीपेट स्याहीमुडी में आयोजित किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज हेतु आवेदन की प्रक्रिया एवं पंजीयन के साथ-साथ सेवा संकल्प अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी उद्योग विभाग, कोरबा के अधिकारियों के द्वारा दिया गया। उक्त सेवा संकल्प अभियान जागरूकता कार्यक्रम में केन्द्रीय पेट्रोरसायन इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संस्थान (सीपेट) स्याहीमुडी, कोरबा के 120 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों की सहभागिता रही।

दीपका में सड़क किनारे हटाया अतिक्रमण, 62 हजार रुपये का लगाया अर्थदंड



कोरबा। नगर पालिका परिषद दीपका ने कटघोरा रोड से बजरंग चौक तक सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक मार्ग और यातायात में बाधा बन रहे अतिक्रमण हटाए गए। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर कुल 62 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। अभियान में तहसीलदार दीपका, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, थाना प्रभारी, उप अभियंता, राजस्व प्रभारी, नगर पालिका के कर्मचारी और पुलिस बल उपस्थित रहे। पालिका प्रशासन ने नागरिकों और व्यापारियों से सार्वजनिक मार्गों पर अतिक्रमण नहीं करने तथा यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

सेवा यात्रा बाइक रैली का जिले में भव्य स्वागत



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा यात्रा बाइक रैली जिले के पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के दूरस्थ सीमावर्ती क्षेत्र पसान पहुंची। जिले में प्रवेश पर स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने रैली का भव्य स्वागत किया। माथे पर तिलक लगाई गई। बाइक रैली में शामिल युवाओं में उत्साह देखा गया। यात्रा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए सेवा कार्यों की जानकारी दी और विभिन्न स्थानों पर सेवा गतिविधियों में भाग लिया। रैली रात में कटघोरा पहुँची। 2 अक्टूबर को सुबह 6.30 बजे रैली में शामिल जनप्रतिनिधि वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद सुबह 9.15 बजे पोड़ी-उपरोड़ा के केंद्रीय आश्रम में सेवा कार्य और संतों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

निगम कर्मियों ने दिया धरना

कोरबा। विधानसभा चुनाव के लिए ढाई साल बाकी है। इस बात को ध्यान में रखते हुए नगर निगम कोरबा के अधिकारियों और कर्मियों ने लंबित मांग को पूरा करने के लिए सरकार पर दबाव बनाना तेज किया है। कुल 18 मांग को लेकर उन्होंने नगर निगम के सामने प्रदर्शन किया। नगरी निकाय कर्मचारी संघ के तत्वाधान में यह धरना प्रदर्शन किया गया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर यहां पर नारेबाजी की। इसके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई। कोरबा क्षेत्र के महामंत्री अरुण मिश्रा ने बताया कि सभी क्षेत्रों में निकायों से संबंधित मसले को लेकर हमारा प्रदर्शन हो रहा है। पदोन्नति के साथ प्लेसमेंट कर्मियों के लिए किए गए वादे को पूरा करना प्रदर्शन का हिस्सा है। कार्यपालन अभियंता और संगठन के पदाधिकारी अखिल शुक्ला ने बताया कि 2005 में पुरानी पेंशन बंद करने के साथ नई पेंशन योजना लागू की गई है जिससे अधिकारियों कर्मियों को नुकसान हो रहा है।

गांव की जरूरत और संसाधनों के आधार पर बनेगा विकास का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गांव के विकास को लेकर अब ग्रामीण पंचायतों की बैठक में विकास कार्यों की रुपरेखा बनाई जाएगी। गांव की जरुरत और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर विकास का प्लान बनाया जाएगा। परिसंपत्तियों की मैपिंग की जाएगी एवं जल संरक्षण के कार्यों को वाटर बजट के आधार पर प्राथमिकता से तय किया जाएगा। इसके तहत जनप्रतिनिधियों को जिला पंचायत में प्रशिक्षण देकर वीबी जीरामजी योजना के मापदण्डों से अवगत कराया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामों के समग्र एवं सतत विकास के लिए विकसित भारत-जी राम जी के तहत विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने की प्रक्रिया महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि योजनाओं में हुए बदलावों और नई व्यवस्थाओं से ग्राम विकास को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को ग्राम पंचायत स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने कहा कि विकसित ग्राम पंचायत प्लान स्थानीय जरूरतों, उपलब्ध संसाधनों और ग्रामीणों की प्राथमिकताओं के आधार पर तैयार किया जाएगा। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायत में उपलब्ध परिसंपत्तियों की मैपिंग की जाएगी, जबकि वाटर बजट के आधार पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन से जुड़े कार्यों की प्राथमिकताएं तय की जाएंगी। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा इस पूरी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार होगी। ग्रामीणों से प्राप्त सुझावों के आधार पर रोजगार, जल सुरक्षा, आजीविका, ग्रामीण अधोसंरचना और स्थायी परिसंपत्तियों से जुड़े कार्यों को एकीकृत योजना में शामिल किया जाएगा, ताकि विकास कार्यों का सीधा लाभ ग्रामीणों को मिले और गांव में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण हो। प्रशिक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी संदीप डिक्सेना ने मैदानी अमले को विकसित ग्राम पंचायत प्लान तैयार करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायत में उपलब्ध परिसंपत्तियों की मैपिंग, स्थानीय आवश्यकताओं की प्रविष्टि, विकासात्मक अंतराल की पहचान तथा संभावित कार्यस्थलों के चयन की ऑनलाइन प्रक्रिया समझाई गई। प्रशिक्षण में बताया गया कि उपलब्ध संसाधनों और मौजूदा परिसंपत्तियों का आकलन कर विकास कार्यों की आवश्यकता एवं प्राथमिकता का बेहतर निर्धारण किया जा सकेगा। इससे ग्राम पंचायतों में उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्यों का चयन किया जाएगा।

संपत्तियों की होगी मैपिंग

खास बातें

- जल संरक्षण के कार्यों को दी जाएगी प्राथमिकता
- पंचायत की बैठक में ग्रामीण बनाएंगे रुपरेखा



शहर में 'साइबर चौपाल' का जिला पुलिस द्वारा किया गया आयोजन

जागरूकता ही साइबर अपराधों से बचाव के लिए सबसे बड़ी सुरक्षा : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और आमजन, विशेषकर युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पुलिस कोरबा द्वारा नगर पालिक निगम के सभागार में साइबर चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में युवा साथियों ने हिस्सा लिया।

खास बात

- युवाओं को दिलाई गई साइबर सुरक्षा की शपथ, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की रही उपस्थिति

प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीक हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। ऐसे में थोड़ी सी लापरवाही साइबर ठगी या अपराध का कारण बन सकती है। साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के लिए जागरूकता ही हमारा सबसे मजबूत हथियार है। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं से सीधा संवाद किया गया और उन्हें डिजिटल स्पेस में सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। साथ ही युवाओं को स्वयं सजग रहने, सुरक्षित डिजिटल आदतों को अपनाने और समाज के अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान यह संदेश दिया गया कि एक सुरक्षित, सजग और साइबर अपराध मुक्त समाज का निर्माण केवल सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। जब हर नागरिक सतर्क रहेगा, तभी हम डिजिटल इंडिया के सपनों को पूरी तरह सुरक्षित बना पाएंगे। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी,जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडे, गोपाल मोदी, सहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी समेत थानों व चौकी के प्रभारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व अन्य अतिथिगण।

अधिकारियों ने बचाव के दिए टिप्स

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने डिजिटल सुविधाओं का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने तथा संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की तत्काल जानकारी देने की अपील की। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने ओटीपी फ्रॉड, अनजान लिंक, फर्जी एपीके, क्यूआर कोड, डिजिटल अरेस्ट एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय बताए। ओटीपी एवं गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने की समझाइश दी। जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर जागरूकता बढ़ाने एवं मोबाइल-इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर जोर दिया।

52 हाथियों के झुंड ने कटघोरा में डाला डेरा, ग्रामीण भयभीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज के तरईनार क्षेत्र में 52 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। हाथियों का झुंड दिनभर जंगल में विश्राम करने के बाद शाम होते ही वहां से निकल कर खेतों में पहुंच रहा है। रात भर वहां अलग अलग झुंड में बटकर उत्पात मचाते हुए धान की फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद वापस जंगल लौट जाते हैं। हाथियों के उत्पात से ग्रामीण परेशान है वहीं वन विभाग को भी हाथियों की निगरानी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालाकि वन विभाग की ओर से इस कार्य के लिए दिन रात कर्मचारियों की अलग अलग ड्यूटी लगाई गई है। जो क्षेत्र में मौजूद हाथियों की निगरानी करने के साथ गांव में मुनादी करते हैं और सुनसान क्षेत्र में स्थित घरों में रह रहे लोगों को सुरक्षित ठिकानों पर शाम होते ही ठहराते हैं।

महिला के गले से चैन स्नेचिंग का प्रयास

कोरबा। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवाजीनगर में बदमाशों द्वारा चेन स्नेचिंग का एक दुस्साहसिक मामला सामने आया है। हालांकि, बुजुर्ग महिला की सहेली की सूझबूझ और अदम्य साहस के कारण लुटेरे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके और उन्हें खाली हाथ भागना पड़ा। जानकारी के अनुसार, शिवाजीनगर निवासी कांता बरनवाल (उम्र लगभग 60 वर्ष) अपनी सहेली मधु के साथ शाम को टहलने के लिए शिवाजीनगर से एमपी नगर स्थित गार्डन जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक पहुंचे और कांता बरनवाल के गले से लगभग 3 से 4 तोले की सोने की चेन छीनने का प्रयास किया। लुटेरों की इस हरकत पर कांता बरनवाल के साथ मौजूद उनकी सहेली मधु ने गजब की हिम्मत दिखाई और तुरंत झपटकर चेन को अपने हाथों में कसकर पकड़ लिया। महिलाओं के शोर मचाने और आसपास भीड़ एकत्र होते देख पकड़े जाने के डर से दोनों आरोपी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। इस छीना-झपटी में कांता बरनवाल को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना प्रभारी आस्था शर्मा पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचीं और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच कर रही हैं।

सार्वजनिक स्थल पर शराबखोरी करने वाले 5 आरोपियों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी कर हुड़दंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ दीपका पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दीपका पुलिस ने बुधवार को सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे पांच युवकों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई की।

दीपका थाना क्षेत्र में पिछले कुछ समय से सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के बाद युवकों द्वारा हुड़दंग किए जाने तथा आने-जाने वाली महिलाओं से छींटाकशी किए जाने की शिकायतें पुलिस को मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सघन अभियान चलाया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थल पर शराब का सेवन करते पाए गए पांच युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई की जद में आए युवकों में रोहित कुमार चंद्रवंशी (21), पिता हरविंदर सिंह, निवासी ज्योति नगर दीपका; भागीरथी यादव (26), पिता ओमप्रकाश यादव, निवासी कटरा थाना बलौदा; कमलकांत मरकाम (32), पिता राजकुमार मरकाम, निवासी कटरा थाना बलौदा; अनिल कुमार खड़िया (25), पिता छतूराम खड़िया, निवासी ज्योति नगर दीपका तथा श्रवण साहू (18), पिता विनोद साहू, निवासी ज्योति नगर दीपका शामिल हैं। पुलिस ने सभी को पकड़कर नियमानुसार कार्रवाई की।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हाइवा ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अदानी समूह के द्वारा संचालित कोरबा पावर लिमिटेड कंपनी के सामने देर रात सड़क हादसा हो गया। इस घटना में एक कर्मचारी की मौत हो गई। वह ड्यूटी के बाद अपने घर लौट रहा था। इसी दरमियान एक वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया।

जानकारी के मुताबिक 30 सितंबर की रात करीब 11:30 बजे कोरबा पावर लिमिटेड के सामने हाईवे पर यह हादसा हुआ। बताया जाता है कि ग्राम पताढ़ी निवासी मुकेश कंवर पिता कार्तिकराम कंवर मोटर साइकिल से रात को घर लौट रहा था इसी दौरान एक हाइवा के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों को सौंप दिया है और दुर्घटनाकारित हाइवा चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



सड़क हादसे में मृत युवक का शव।

पीजी कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कोरबा। केंद्र सरकार द्वारा सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जागरूकता सत्र अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का जागरूकता कार्यक्रम इंजीनियरिंग पीजी कॉलेज कोरबा में आयोजित किया गया। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज हेतु आवेदन की प्रक्रिया एवं पंजीयन के साथ-साथ सेवा संकल्प अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी उद्योग विभाग, कोरबा के अधिकारियों के द्वारा दिया गया।



दोनों विभागों ने बारिश के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों की तैयार की है रिपोर्ट

बारिश से खराब हुई पीडब्ल्यूडी और पीएम योजना की सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इस वर्ष हुई भारी बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे अधोसंरचना के कार्य ठप पड़ गए थे। वहीं आवागमन के लिए लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनाई गई सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ था। बारिश समाप्त होने के बाद दोनों विभागों के द्वारा तैयार की गई समीक्षा रिपोर्ट के आधार पर 22 सड़कें बारिश से क्षतिग्रस्त हुई हैं जिनके मरम्मत में बड़ी राशि खर्च होगी।

भारी बारिश से सड़कों और पुलियों को सर्वाधिक नुकसान हुआ है। सर्वाधिक नुकसान विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़कों को हुआ है। बारिश समाप्त होने के बाद विभाग के उप अभियंता कमलेश त्रिपाठी व अन्य कर्मचारियों की टीम ने क्षतिग्रस्त सड़कों का जायजा लिया था। विभागीय अभियंताओं की रिपोर्ट के आधार पर 12 सड़कें पीएम सड़क की खराब हैं। इनके अलावा पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के ग्राम पनगंवा की एक बड़ी पुलिया भी शामिल है जिसके बारिश से बह जाने के कारण अभी भी आवागमन उक्त मार्ग से नहीं हो पा रहा है। बारिश की वजह से पोड़ी उपरोड़ा विभाग के अंतर्गत सड़कों और पुल पुलियों के नुकसान का जायजा अनुविभागीय अधिकारी मनोज बंजारे के द्वारा भी दिया गया था। श्री बंजारे के द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान क्षतिग्रस्त पुल पुलियों और सड़कों की रिपोर्ट भी प्रशासन को भेजी है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग के द्वारा करतला और पाली क्षेत्र में बनाई गई सड़कों को भी बारिश में नुकसान हुआ है जिनमें जलके-तनेरा मार्ग कोरबी क्षेत्र की सड़कें शामिल हैं। ऐसी छोटी बड़ी 12 सड़कें बताई गई हैं। जिनकों नुकसान हुआ है।

ठप रहा सड़क निर्माण कार्य

बारिश के कारण झगरहा से कोरकोमा मुख्य सड़क के चौड़ीकरण का काम बंद रहा। बारिश के पूर्व निर्माण कार्य शुरु करते हुए गिट्टी डालने का काम ठेका कंपनी के द्वारा किया गया और उसके बाद से लगभग एक माह तक काम बंद रहने के कारण उक्त मार्ग से बड़ी गाड़ियों का आवागमन नहीं हो पा रहा था। उक्त मार्ग से जशपुर रांची आदि क्षेत्रों में जाने वाली यात्री बसें आवागमन करती हैं। उक्त सड़क के अलावा चिर्रा गिरारी सड़क भी अधूरी पड़ी हुई है। उक्त सड़क का भी डामरीकरण लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जा रहा है।



बारिश से खराब हुई सड़क।

